अमर उजाला
20-03-2026

विद्यार्थियों ने काव्य पाठ में जीती रनरअप ट्रॉफी

जीएमएन कॉलेज में प्राचार्य के साथ रनरअप ट्रॉफी शेयर करती टीम। प्रवक्ता

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने एमडीएसडी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में पारस भोला और जसमीत कौर ने प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज के नाम रनरअप ट्रॉफी की। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त व शिक्षकों ने विजेताओं को बधाई दी। कॉलेज की लीगल लिटरेसी सेल द्वारा कानूनी जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता नेहा परवीन ने घरेलू हिंसा, यौन शोषण से बचाव और हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, हिंदी, संस्कृत व जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विक्रमी संवत 2083 (नववर्ष) पर विशेष व्याख्यान हुआ। संवाद